बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-410
25/08/2021

# मुख्यमंत्री ने स्व0 बी0पी0 मंडल की जयंती पर उन्हें नमन किया

पटना, 25 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्व0 बी0पी0 मंडल की जयंती के अवसर पर 01 अणे मार्ग स्थित 'लोक संवाद' में स्व0 बी0पी0 मंडल जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर शिक्षा सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा ने भी तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

*******